हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 28 सितंबर 2025



## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है।

# मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली को पुलिस ने खोज निकाला, पुलिस करा रही इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**
- डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई में सफलता
- आठखड़ियापारा में घायल महिला को किया गिरफ्तार



तीन दिन पहले बड़गांव-टेकापानी के जंगल में चली मुठभेड़ में महिला नक्सली रेशमा शामिल थी, जो रावघाट एरिया कमेटी से ताल्लुक रखती है। मुठभेड़ के दौरान महिला नक्सली रेशमा के घायल होने एवं घायल हालत में फरार होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम ने खोज निकाला और उसे हिरासत में लेकर पुलिस ईलाज करवा रही है। जानकारी के अनुसार बड़गांव-टेकापानी महिला नक्सली रेश्मा हिचामी को गोली लगी थी, जो ईलाज के लिए भटक रही थी। इसकी जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने 26 सितंबर को को डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त गस्ती दल के द्वारा मुखबिर से सूचना मिलने पर कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत केसोकोडी और आलपरस के आसपास सर्च अभियान निकाला गया था। सर्च के दौरान डीआरजी एवं बीएसएफ के संयुक्त टीम को आठखड़ियापारा में संदिग्ध माओवादी रेशमा मिली, जिसे संयुक्त टीम ने हिरासत में लेकर कोयलीबेड़ा लाया गया। मानवीय दृष्टिकोण का ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पिकअप की ठोकर से बाइक सवार घायल, उपचार जारी



कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कच्चे के पुलिया पास पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगिरों ने अस्पताल पहुंचाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चौकी कच्चे में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के डौडी थानांतर्गत ग्राम मरकाटोला निवासी सदाराम कोटपरिया ने पुलिस को बताया कि नव निर्माण पेट्रोल पंप कच्चे में चौकीदारी का काम करता हूं और 26 सितंबर की शाम को घर से खाना पकड़कर काम करने के लिए मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 24 के 8601 से कच्चे जा रहा था। कच्चे पुलिया के आगे शमशान घाट के पास मेन रोड ▶▶| शेष पेज 10 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200



## खबर संक्षेप

### झरोखा का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज होगी

**भानुप्रतापपुर।** धर्म नगरी संबलपुर में बस्तर सेना दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में आज 28 सितम्बर रविवार शाम 9 बजे छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा अपनी शानदार प्रस्तुति देगी। संस्था के निर्देशक एवं गीतकार दुष्यंत हरमुख के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रमुख गायिका रिंकी देवांगन एवं कलाकार योगिता माधिया मंच की शोभा बढ़ाएँगी। सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और कलाओं की अनुपम झलक देखने को मिलेगी।

### ईरागांव बरहेली में डॉली रानी सांस्कृतिक आज कार्यक्रम

**दुर्गुकोंदल।** नवयुवक दुर्गोत्सव समिति ईरागांव बरहेली द्वारा आज 28 सितम्बर को रात्रिकालीन 10 बजे से भव्य डॉली रानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में लोक रंग सिंगार कोरर एवं छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कला मंच के कलाकार प्रस्तुति देंगे। समिति अध्यक्ष केशव दर्रो ने बताया कि मंच निर्देशन शनि भास्कर द्वारा किया जाएगा। आयोजन में उपाध्यक्ष शिवराज कोरचे एवं समिति सदस्य रोहित पटेल, अशोक पटेल, राहुल नाग, प्रदीप नाग, रामचरण पटेल, लालचंद पटेल, पृथ्वी वाडिवा, दीपक कुपाल, मुकेश उयके सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारी में जुटे हैं। ग्रामवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति का आनंद लेने की अपील की गई है।

### सलिहापारा तरहुल में 1 से कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सलिहापारा तरहुल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर 1 और 2 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासी एवं आदर्श नवयुवक समिति सलिहापारा तरहुल के सहयोग से किया जा रहा है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 10000 रूपएं, द्वितीय को 7000 रूपएं एवं तृतीय को 3000 रूपएं नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विजेता को 5000 रूपएं तथा द्वितीय को 3000 रूपएं एवं पुरस्कार दिए जाएंगे। बेस्ट रेडर और बेस्ट डिफेंडर को भी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

**नवरात्रि पर्व**

### मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता, विविध धार्मिक अनुष्ठ रोज हो रहे

# नवरात्रि पर माता मंदिरों में भजनों की गूंज, जोतों से जगमगाए मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व इस बार विशेष श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भी माता की आराधना, भजन संध्याएं, कीर्तन और अखंड ज्योत का आयोजन किया गयाहै। दीपक प्रज्वलित कर श्रद्धालुओं ने मंदिरों को दीपमालाओं से सजाया, जिससे पूरा वातावरण अलौकिक और आध्यात्मिक हो उठा। मंदिर समितियों ने अष्टमी और नवमी को लेकर विशेष तैयारी शुरू कर दी है।

इन दिनों हवन, कन्या भोज और विशेष पूजन का आयोजन होगा। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना है। नवरात्रि हिंदू संस्कृति का प्रमुख पर्व है, जिसे साल में दो बार चैत्र और शारदीय नवरात्र बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है क्योंकि इसे शक्ति की उपासना का काल माना जाता है। माँ दुर्गा की नौ रूपों की साधना कर भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी करने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र में उपवास, देवी पूजन और भजन-कीर्तन करने से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इसी परंपरा को निभाते हुए इस बार भी मंदिरों में बड़े पैमाने पर धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। रोजाना सुबह और शाम माता मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। महिला मंडलियाँ और युवा समितियाँ मिलकर भजन संध्याओं का आयोजन कर रही हैं। ढोलक, मंजीरा, हारमोनियम और तबले की ताल पर गाए जाने वाले भजनों से वातावरण भक्तिमय हो रहा है। बाहर से आए भजन गायकों ने भी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है।



### ग्रामीण अंचलों में भी उमड़ा उत्साह

सिर्फ शहर ही नहीं, बल्कि इस बार ग्रामीण अंचलों में भी नवरात्र का उत्सव पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। गाँव-गाँव में अस्थायी पंडाल सजाए गए हैं। यहाँ भी रोजाना भजन-कीर्तन, गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। युवा समितियाँ भजन मंडली के साथ मिलकर धार्मिक आयोजन कर रही हैं।

### मंदिरों में ज्योतिकलशों की स्थापना



माता मंदिरों की सबसे खास पहचान इस बार हजारों दीपों से जगमगाते प्रांगण रहे। श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर माता के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। मंदिर के प्रांगण में कतारबद्ध रखे गए दीपकों से बना दृश्य मानो दीपावली की झलक दिखा रहा है। महिलाएं नारियल, चुनरी, अगरबत्ती और थाल में सजे दीप लेकर माता के चरणों में पहुंचीं। मान्यता है कि नवरात्र के दौरान दीप प्रज्ज्वलन से न केवल अंधकार मिटता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### खंडी घाट बहादुर कलारीन मंदिर में 46 ज्योति कलशों की स्थापना



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के चेमल अंतर्गत खंडी घाट स्थित बहादुर कलारीन माता मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं के द्वारा कुल 46 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर दिव्य प्रकाश से आलोकित हो उठा। मंदिर समिति अध्यक्ष जागेश्वर जैन ने बताया कि साल 2015 से लगातार खंडी घाट बहादुर कलारीन मंदिर में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की परंपरा जारी है। इन विशेष दिनों में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति संगीत, माता की आरती और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। नवरात्र के शेष दिनों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए समिति ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। गांव और आसपास के क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर विशेष उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में माता के दरबार में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।



## मां दुर्गा के नौ रूपों की महत्ता बताई और छात्र-छात्राओं ने किए विभिन्न कार्यक्रम

**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न कार्यक्रमों पंचमी दिवस पर नर्सरी से यूकेजी तक के छात्र-छात्राओं के द्वारा गरबा डॉल बनाया गया, जिसके इन्चार्ज शिक्षक एवं कक्षा पहली से तीसरी तक के छात्र-छात्राओं द्वारा मां दुर्गा का फेस मेकिंग किया गया। कक्षा चौथी से पाचवी तक के बच्चों ने सुन्दर सुन्दर मनमोहक रंगोली बनाया। कक्षा छटवी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं के द्वारा गरबा डांस किया गया, जिसमें सभी ने भक्तिमय महौल का आदंन लिया। भारत विभिन्न त्यौहारों का देश है जिसमें प्रमुख पर्व है नवरात्रि, जो सत्य की असत्य पर धर्म की अधर्म पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। इस महापर्व के चलते मां दुर्गा और उनके नौ रूपों का महत्व बताते हुए कक्षा नर्सरी एवं कक्षा दूसरी के बालिकाओं द्वारा झाँकी प्रस्तुत की गई, जिसमें मां के नौ रूपों मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी, मां सिद्धिदात्री यह माता का रूप शक्ति और स्थिरता का प्रतीक है, तप संयम और आत्मबल का संदेश देती है, साहस और वीरता की प्रेरणा, सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने वाली, धैर्य, साहस और बुराई तथा भय का नाश करने वाली है। वर्तमान भौतिकवादी जीवन में यह पर्व हमें आध्यात्मिक शक्ति और आत्मिक संतुलन स्थापित करती है। यह पर्व हमें बताता है कि सच्ची शक्ति केवल शारिरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक होती है, यह पर्व हमें आधुनिक जीवन में जहां तनाव, असुरक्षा और प्रतिस्पर्धा है, वही माता के नौ रूप हमें धैर्य, साहस, करूणा, न्याय और शांति का मार्ग दिखाते हैं। नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि यह हमें जीवन जीने की सही दिशा और आदिशक्ति का बोध कराती है। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 16 से 30 सितम्बर 2025 के आयोजन से संबंध हायर कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल में स्वच्छता एवं स्वच्छता आदतों पर छात्रों के लिए निबंध, नारा, कविता लेखन, चित्रकला, भाषण आदि गतिविधियां किया गया। सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं अन्य स्टॉफ द्वारा इन जगहों के रैपर, पॉलिथीन व अन्य कचरों को साफ किया गया तथा झाडू लगाकर इन परिसर के आसपास के जगहों की साफ सफाई की गई। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित नवरात्रि विशेष भक्तिमय, सकारात्मक ऊर्जावान इस विशेष अद्भुत प्रेरणादायक कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## पेंशन समाधान शिविर में सहायक उपकरणों का वितरण, ग्रामीणों को मिली जागरूकता की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोना में पेंशन समाधान एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया और जरूरतमंदों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। शिविर में नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया, जिसमें लोगों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि शासन और प्रशासन का उद्देश्य है कि हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि पेंशन योजना से बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगों को आर्थिक सहयोग मिलता है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं। उन्होंने नशामुक्त समाज की अपील करते हुए कहा कि नशा सिर्फ परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है, इसलिए इससे दूरी बनाना ही समझदारी है। पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया ने कहा कि पेंशन समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए बहुत ही उपयोगी है। गांव में ही समस्याओं का समाधान होना बड़ी सुविधा है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब हम शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन पर ध्यान देंगे। साथ ही उन्होंने युवाओं से नशे को छोड़कर खेल, शिक्षा और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया। सरपंच दिपिका वटी ने कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे शिविरों का आयोजन होना गांव के लोगों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि पेंशन और सहायक उपकरण वितरण से जरूरतमंद परिवारों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं से भी सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान किया और नशामुक्ति अभियान को सफल बनाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नजदीक में शिविर लगने से उन्हें काफी सुविधा मिली है। पेंशन संबंधी कार्यों के साथ सहायक उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी झलक रही थी।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेक, सरपंच कमलेश्वर नेताम, देवचंद नेताम, हेमंत कुमार भास्कर, शंकर शोरी, रामेश कुंजाम, माधव सिंह नेताम, मनुराम शोरी, शिवलाल मंडावी, मलती नेताम, लता बाई नेताम, ऐनबती कोराम, राजनतीन शोरी, नरेनद्रि नेताम, वार्ड पंच अनिल गजपाल, मुकेश रजक, रामभरोसे मंडावी, सचिव मनिराम सलाम, अनिरुद्ध जैन, संतोष लोनहारे, कन्हैया लाल साहू, यशवंत जैन, सरूण कुमार शोरी, कर्नेसिंह नेताम, मनु नेताम, लक्ष्मण सरोज, विष्णु सिन्हा, संतोष निषाद, मुनिराम कोराम, अशवन वट्टी, कपिल यादव, बिनेशवरी मरकाम मौजूद रहे।

## बांग्लादेश के अवैध निवासियों की जांच में कोताही, स्थानीय हो रहे परेशान : उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



पखांजूर में दो अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने के खुलासे के पश्चात सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी ने कहा कि इस विषय को सर्व आदिवासी समाज के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया के द्वारा पहले ही उठाया गया था एवं कई बार प्रशासन को भी आवेदन देकर कार्यवाही के लिए निवेदन किया गया था, किंतु आज पर्यंत तक ऐसे अवैध रूप से रह रहे लोगों की जांच पड़ताल ही पूर्ण नहीं की गई है, जो कि अपने आप में संदेहास्पद है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी ने कहा कि यहां पर कितने ही ऐसे लोग होंगे जो वीजा पर आए होंगे एवं उनके समय अवधि खत्म हो जाने के कारण वापस ही नहीं गए होंगे। दूसरों के प्रमाण पत्रों को आधार बना कर यहां का प्रमाण पत्र बना कर आराम से रह रहे होंगे एवं नागरिकता बनवा रहे होंगे। अगर आज तक ऐसे व्यक्तियों की धर पकड़ शुरू हो गई होती तो शायद अभी तक बहुत से लोगों की छंटनी हो चुकी होती और बहुत से लोग सलाखों के पीछे होते। प्रशासन के ढिलाई के चलते ऐसा होता हुआ दिखाई नहीं पड़ रहा है। समाज यह मांग करता है कि ऐसे व्यक्तियों की जांच में तेजी लाई जाए एवं फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में सम्मिलित अधिकारियों कर्मचारियों एवं उन्हें संरक्षण देने वाले लोगों के ऊपर भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए एवं वहां के स्थानीय निवासियों से भी अपील की जाती है कि ऐसे लोगों की पहचान कर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाए। पुलिस प्रशासन यह भी ध्यान दें कि कितने अवैध लोग वीजा लेकर आए हैं एवं उनका वीजा का अवधि समाप्त हो गया है। ऐसे लोगों को भी सूचीबद्ध कर कार्रवाई की जाए अन्यथा समाज के द्वारा इस विषय पर आगे बड़ी कार्रवाई के लिए रणनीति बनाने के लिए अग्रसर होगा।

## जिला स्तरीय शिक्षक समृद्धि कला उत्सव का आयोजन, हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार, समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक समृद्धि कला उत्सव का आयोजन डाइट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट के असिस्टेंट प्रो अरुण शर्मा एवं व्याख्याता जनक सिन्हा द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन करके किया गया। समृद्धि कला उत्सव नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि समृद्धि शिक्षकों के लिए कला उत्सव के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है। इसका उद्देश्य 9 वीं से 12वीं तक के पाठ्यक्रम पर आधारित उन कला समेकित पद्धतियों को प्रदर्शित करना है, जिन्हें शिक्षकों द्वारा नवाचार करके विकसित एवं प्रयुक्त किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला के सातों ब्लॉक से कक्षा नवमीं से बारहवीं तक पढ़ाने वाले 12 टीचरों ने भाग लिया, जिसमें शाउमावि बड़गाँव की व्याख्याता कुसुम जैन ने राजस्थान की पृष्टभूमि से संबंधित पाठ्यक्रम में अपने दृश्यकला और नृत्यकला की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक हायर सेकंडरी स्कूल अभनपुर के प्रतिभागी शिक्षक मानेश कुमार सिन्हा एवं सहयोगी शिवप्रसाद भास्कर, सुरेंद्र भास्कर ने विज्ञान और अंधविश्वास को जोड़कर नाट्यकला का मंचन करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय आने वाले दोनों प्रतिभागी राज्य स्तरीय समृद्धि कला उत्सव के लिए चयनित हुए। इसके अलावा 10 प्रतिभागी व्याख्याता कंचन धनगर सेजेस हरनगढ़ ने व्याख्यान, सोमनाथ नाग बड़े पिंजोड़ी ने व्याख्यान, चंद्र कुमार ध्रुव हायर सेकंडरी बालक अंतागढ़ ने गायन, खेमलाल कटेंद्र सेलेगाँव ने गायन, आकाश वर्मा और तिजेन्द्र यदु सेजेस भानुप्रतापपुर ने तबला-ढोलक वादन, रूपा मंडावी और आशुतोष तिवारी सेजेस हल्बा ने पीपीटी एवं विज्ञान, काकोली देवनाथ कन्या आश्रम सिंगारभाट ने वादन-गायन कला को अपने अध्यापन विषयों से जोड़कर प्रस्तुतिकरण किया और सहभागिता दी। कार्यक्रम के निर्णायक मीरा आर्ची चौहान प्राचार्य शाउमावि करप, रामेश्वरी गौतम और डेमिन साहू व्याख्याता रहे। पंजीयन एवं परिणाम प्रभारी चंद्र शेखर महलवार व्याख्याता और किरण मरकाम रहे। सभी प्रतिभागियों को डीईओ रमेश कुमार निषाद, लक्ष्मण कावड़े एडीपीओ समग्र शिक्षा ने बधाई दी। कार्यक्रम में कनक नाथ, विनोद राजपूत, दिनेश देवांगन, मनीष कावड़े, विक्रांत देवांगन उपस्थित रहे।

## 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने की हिंदी पखवाड़े पर विभिन्न प्रतियोगिताएं



**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के परिसर में हिंदी पखवाड़ा 14 से 30 सितंबर तक के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ निरंतर जारी है। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के मार्गदर्शन तथा सहायक कमांडेंट घनश्याम सिंह की कुशल देखरेख में हुआ। हिंदी पखवाड़े की श्रृंखला के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिनमें कार्मिकों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और उत्साहपूर्ण भागीदारी से कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी कार्मिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें पूरे आयोजन को और अधिक सार्थक एवं गरिमामय बना दिया। हिंदी पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना, कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करना तथा हिंदी भाषा के प्रयोग के प्रति आत्मविश्वास और रुचि विकसित करना है। हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताएँ न केवल कार्मिकों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि संगठनात्मक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी व सरल बनाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में हुआ, जहाँ सभी ने यह संकल्प लिया कि वे हिंदी को अपने दैनिक कार्य और जीवन में और अधिक आत्मसात करेंगे तथा इसके प्रचार- प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान में 361 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आस्वास्थ नारी एवं सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल में 24 से 26 सितम्बर तक प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का गर्भाशय जांच, शुगर, बीपी, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन एवं अन्य प्रयोगशाला जांच की गई। बीएमओ डॉ. मनोज कुमार किशोरे द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के विभिन्न चरणों में आवश्यक दवाओं के सेवन की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रथम तिमाही में फोलिक एसिड, द्वितीय तिमाही में एल्बेंडाजोल एक बार, आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोलियां दिन में दो बार तथा प्रसव के 6 माह पश्चात तक नियमित रूप से लेना अनिवार्य है। तीन दिवसीय अभियान के दौरान 24 सितम्बर को कुल 131 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें 19 हाई रिस्क गर्भवती पाई गईं। 25 सितम्बर को 95 गर्भवती महिलाओं में से 45 हाई रिस्क मामले सामने आए। 26 सितम्बर को कुल 135 महिलाओं की जांच कर 37 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ पखांजूर डॉ. वैशाली वैष्णव ने गर्भवती महिलाओं को हर माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के अंतर्गत जांच कराने की सलाह दी और साथ ही गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार, समय पर टीकाकरण एवं दवाओं के सेवन के महत्व पर विशेष जोर दिया। गर्भवती महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षिक वीडियो दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में खिलेश जैन, रामसुफल वर्मा, चंद्रिका पटेल, निर्मला नाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिनों का सराहनीय योगदान रहा।

पेज 09 के शेष...

### मुठभेड़ में घायल...

ध्यान रखते हुए पुलिस ने सबसे पहले महिला नक्सली को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलीबेड़ा में भर्ती कराया गया लेकर जाया गया, जहां से डॉक्टर द्वारा उक्त चोटिल महिला नक्सली का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल कांकेर रिफर किया गया, जिसे कांकेर में 27 सितंबर को भर्ती कराया गया। चोटिल महिला नक्सली के उपचार पश्चात अग्रीम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

गले, कंधे व पैर में है चोटः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि घायल महिला नक्सली को बेहतर ईलाज देने के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। उसके गले, कंधे एवं पैर में चोट आई है। जरूरत पड़ने पर हायर सेंटर भी ईलाज के लिए भेजा जाएगा।

### पिकअप की ठोकर...

पर पहुंचा था कि भानुप्रतापपुर की ओर से आ रही महेन्द्रा पिकप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 3363 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते मुझे सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुझे सिर, दाहिने हाथ के बांह व अंगुली पर चोट लगा व बहुत खून निकला। राहगीरों की मदद से मुझे इलाज के लिए भानुप्रतापपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहगीरों ने बताया कि मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क दुर्घटना के शिकार हुए बाईक चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 3363 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शामतरा में विधायक ने छात्राओं को सायकिल बांटी और पानी टैंकर का किया लोकार्पण

## बालिकाओं को आने जाने में होगी सुविधा और पानी संकट दूर होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम शामतरा के शासकीय हाईस्कूल में विधायक आशाराम नेताम ने हर्षोल्लास के बीच सायकल वितरण किया गया एवं ग्राम में पेयजल सुविधा को बढ़ावा देने के लिए पानी टैंकर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, पुष्पगुच्छ भेंट और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, जिसके बाद बच्चों को विधायक के द्वारा सायकल प्रदान की गई। बच्चों को सायकल मिलते ही उनके चेहरों पर खुशी झलकने लगी। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने विद्यार्थियों को सायकल वितरित करते हुए कहा शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है। सरकार की यह योजना बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा देने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। हमें गर्व है कि शामतरा जैसे गांवों के बच्चे भी अब बेहतर शिक्षा हासिल कर रहे हैं और बड़े सपने देख रहे हैं। ग्राम शामतरा में पेयजल सुविधा को मजबूत बनाने से ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। आने वाले समय में ऐसे और भी प्रयास किए जाएंगे ताकि गांव का विकास निरंतर हो सके। जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सायकल वितरण योजना से बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में आगे बढ़ेंगे बल्कि उनके जीवन में अनुशासन और आत्मनिर्भरता भी आएगी। हमारा संकल्प है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

### आज का बच्चा कल का समाज निर्माता

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि आज का बच्चा कल का समाज निर्माता है। गांव तभी प्रगति करेगा जब हमारे बच्चे पढ़ाई-लिखाई में आगे बढ़ेंगे। सरकार की यह पहल बच्चों को नई ऊर्जा और प्रेरणा दे रही है। हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी ध्यान देना होगा। सरपंच मंजू नेताम ने कहा गांव की प्रगति तभी संभव है जब हमारी बालिकाएं और बच्चे शिक्षित होंगे। सायकल मिलने से बालिकाओं को सबसे अधिक सुविधा मिलेगी। वे सुरक्षित और समय पर विद्यालय पहुंच पाएंगी, इसके साथ ही पानी टैंकर से ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान होगा।



कार्यक्रम में मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए ऐसी योजनाएं बेहद जरूरी हैं। इससे न केवल बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि गांव की प्रगति भी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में शिक्षकगण, ग्रामीणजन और विद्यार्थी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत बस्तर में शिक्षा समिति की हुई बैठक



**बस्तर।** जनपद पंचायत बस्तर में शिक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा समिति की अध्यक्ष जयबती कश्यप ने की। इस बैठक में मानसिंह कश्यप, चईतराम कश्यप, अनिता कश्यप, माहंगी कश्यप, जमुना ठाकुर सहित अन्य जनपद सदस्य और खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन एबीईओ सुशील तिवारी बीआरसी अजम्बर कोर्राम एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई और जाति प्रमाण पत्र, मध्याह्न भोजन संचालन, साइकिल वितरण, छात्र-छात्राओं को गणवेश और पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके अलावा आश्रम और छात्रावासों के रखरखाव और अनियमित बच्चों को शाला से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पारस्परिक चर्चा के माध्यम से सुझाव रखे और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए सुझाव दिए गए।

### तुंगल बांध में हुआ बाढ़ आपदा मॉकड्रिल

**सुकमा।** प्राकृतिक आपदाओं से समय रहते निपटने और राहत-बचाव कार्यों में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से तुंगल बांध सुकमा में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, फायर ब्रिगेड, परिवहन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित कई विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। भारी वर्षा से अचानक बाढ़ आने की परिकल्पना पर राहत-बचाव अभियान। नावों और रेस्क्यू बोट्स से बाढ़ग्रस्त गांवों के लोगों का सुरक्षित निकासी। स्क्यूबा टीम द्वारा डूबे व्यक्ति की तलाश और शव बरामदगी। मलबे में दबे व्यक्ति को एयर लिफ्टिंग जैकेट से उठाकर सुरक्षित निकालना। प्राथमिक उपचार, सीपीआर, एंबुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती। सामान्य घरेलू वस्तुओं जैसे बांस, पानी के डब्बे, बोतलें और डेचकी को जीवन रक्षक साधन के रूप में प्रदर्शित करना। राहत सामग्री वितरण और आपूर्ति प्रणाली का परीक्षण।

### विद्यार्थियों को साफ-सफाई पर किया जागरूक

**गीदम।** एसबीआई फाउंडेशन एवम परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही शारीरिक स्वच्छता एवम साफ सफाई और हैंड वॉश के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। एसबीआई फाउंडेशन एवम परिवर्तन समाज विकास समिति के माध्यम से प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान के अंतर्गत शारीरिक स्वच्छता और साफ सफाई और हैंड वॉश के तरीके बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक- मोहनीश कुमार यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी मांझी, फार्मासिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंद कुमारी, पायलेट राजेश ताती,एवम शाला के समस्त विद्यार्थी एवम संस्था प्राचार्य, एवम समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

## लापरवाही : योजना की उड़ रही धज्जियां, कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति

# आम और सेमर के पेड़ों की अवैध कटाई, वन माफिया पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम को केंद्र और राज्य सरकारें जोर-शोर से चला रही है। दूसरी तरफ वन विभाग की लापरवाही से अवैध पेड़ कटाई रुकने का नाम नहीं ले रही। वन विभाग के कर्मचारी खुद वन माफिया का साथ दे रहे हैं। जहां अवैध जंगल की लकड़ी कटाई की सूचना मिलती है वह स्थल पर जा कर ग्रामीणों के समक्ष खानापूर्ति कार्यवाही करते हुए पंचनामा बना कर छोड़ दिया जाता है।

दूसरी ओर परलकोट क्षेत्र में वन माफिया इस पहल की सरेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग की नाक के नीचे कई वर्षों से वन माफिया का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे परलकोट के हरे-भरे जंगल तेजी से कट रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वन माफिया एक आदेश से कई गाड़ी भर जाते है। परलकोट क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में वन माफिया का हौसला इतना बुलंद है कि वे खुलेआम हरे-भरे पेड़ों को जंगल से काट रहे है और किसान के पट्टे का बता कर एक ही आदेश से कई गाड़ी भर इन कीमती लकड़ियों को ऊंचे दामों पर अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है। जहाँ सरकार एक पेड़ माँ के नाम के महत्वकांक्षी योजना चला कर क्षेत्र को हरा भरा बनाने में लाखों करोड़ों रुपए खर्चा कर रही है। इसके तहत मंत्री से लेकर स्कूली बच्चों और आम नागरिकों तक को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं वन माफिया इसे एक पेड़ धराशाही के रूप में बदल रहे हैं। क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार को लेकर वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि विभाग की निष्क्रियता या कथित मिलीभगत के कारण ही यह अवैध धंधा फलफूल रहा है।



यदि संबंधित विभाग वन माफिया पर ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो क्षेत्र से वन संपदा का जल्द ही सफाया हो जाएगा। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग के द्वारा जंगल से कूप कटिंग होता है तो जंगल में लगे फलदार वृक्ष को काटा नहीं जाता इसका कारण यह है कि जंगली जानवर पक्षी उसे फल को कहते हैं। इस संबंध पर पखांजूर हल्का पटवारी योगेश रामटेके से जानकारी के लिए उनके दूरभाष नंबर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस संबंध पर वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम ने बतलाया कि अपने पट्टे की तरह जमीन में लगे पड़े काटने के लिए राजस्व विभाग से अनुमति लेनी होती है। हमें राजस्व विभाग के द्वारा जमीन पर लगे पेड़ की प्रजाति चिन्हांकित कर संख्या को बताने का आदेश मिलता है। अगर वन क्षेत्र से अवैध कटाई करते पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

# धर्म परिवर्तन करने वालों के लिए की अलग कब्रिस्तान की मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के कई गांवों में इन दिनों कफन-दफन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों के मूलनिवासी समाज ने गांवों में ईसाई धर्म में परिवर्तित लोगों को परंपरागत स्थान पर दफनाने का विरोध जताया है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह क्षेत्र पूरी तरह पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र है जहां एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लोग अपने गायता-मांझी मुखिया और परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार गांव का संचालन करते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बने अवैध चर्चों के कारण धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे मूल समाज में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि जब धर्मांतरण करने वालों का निधन होता है, तो उनके परिवारजन बिना अनुमति लिए गांव के परंपरागत स्थान पर दफन करना चाहते हैं, जिससे सामाजिक व्यवस्था और परंपरा प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धर्म परिवर्तन कर चुके परिवारों को कफन-दफन के लिए भानुप्रतापपुर स्थित कब्रिस्तान भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि सभी समुदायों की धार्मिक आस्था और परंपराओं का सम्मान करते हुए समाधान निकाला जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार के नाम थाना प्रभारी को समाज के रामचंद्र कल्लो, पीलाराम उयके, अघन नरेटी, मनोज दुग्गा, जय सिंह नरेटी, जगतराम, सुखलाल तुलावी सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के संदर्भ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत समस्त विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24, 25, 26 सितंबर को जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि यह अभियान प्रत्येक माह, 9 एवं 24 तारीख को नियमित आयोजित किये जाते रहे है।

परन्तु वर्तमान में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मद्देनजर इसी माह मेगा शिविर के रूप में दोनों अभियानों को एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान गर्भवती माताओं की जांच एवं एचआरपी माताओं का फॉलोअप जांच का 100 प्रतिशत कवरेज किए जाने का प्रयास रहा जहां की समस्त माताओं की गैर संचारी रोग हेतु स्क्रीनिंग भी पूर्ण की गई। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक प्रयोगशाला जांच, सोनोग्राफी, अल्ट्रासाउंड, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान तथा उचित परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। इस क्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गर्भवती माताओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा सुरक्षित प्रसव एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इन शिविर में अब तक कुल 1177 गर्भवती माताओं का पंजीयन कर स्वास्थ्य संबंधी समस्त परीक्षण किया गया है। साथ ही उच्च जोखिम वाली माताओं को विशेष निगरानी हेतु चिन्हांकित कर विभिन्न विषय जैसे पोषण जन्म की तैयारी, खतरे के लक्षण, प्रश्नोत्तरी शिशु स्वास्थ्य इत्यादि पर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के द्वारा महिलाओं को प्रतिमाह नियमित प्रसवपूर्व जांच करवाने तथा प्रसव केवल संस्थागत स्तर पर कराने की अपील की गई।

अभियान का उद्देश्य हर माँ हो सुरक्षित, हर शिशु हो स्वस्थ सुनिश्चित करना है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर सभी संस्थाओं में मॉनिटरिंग एवं पोर्टल में रिपोर्टिंग एंट्री किया जा रहा है।

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम, 60 आदिवासी बच्चे लखनऊ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

कांकेर से 60 आदिवासी बच्चों को 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान लखनऊ भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के बच्चों को एक दूसरे से परिचित कराने और उन्हें विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव देने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम के तहत बच्चों का चयन कांकेर और नारायणपुर जिला से सीमा सुरक्षा बल और आईटीबीपी द्वारा किया जाता है। इस वर्ष के भ्रमण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पहले एक ब्रीफिंग सत्र में कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी गई, जो कांकेर में युवा भारत के उपनिदेशक नितिन शर्मा ने प्रदान की। इस सत्र में बच्चों को कार्यक्रम के उद्देश्यों, अनुशासन और लखनऊ भ्रमण के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने से संबंधित जानकारी दी गई। उपनिदेशक माय भारत द्वारा प्रतिभागियों को यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान उन्हें न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझने और साझा करने का अवसर मिलेगा, बल्कि अन्य राज्यों के आदिवासी बच्चों के साथ मिलकर वे नये अनुभव भी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। बीएसएफ और आईटीबीपी के जवान बच्चों के साथ रवाना हुए हैं ताकि उनकी यात्रा के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो और वे सुरक्षित तरीके से अपने लक्ष्य तक पहुँच सकें।

यह कार्यक्रम आदिवासी युवाओं के बीच एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और कांकेर जिले के विकास में एक नया आयाम जोड़ने की ओर एक अहम पहल है।

# गुजरात से आए बाढ़ पीड़ितों के राहत सामग्रियों पर कांग्रेस की नजर, अनाज सड़ने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



भाजपा दंतेवाड़ा के प्रवक्ता दीपक बाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी के महामंत्री रविश सुराना के गुजरात भाजपा द्वारा भेजे गए राहत सामग्रियों पर किये गये टिपण्णी को अमानवीय कृत्य बताते हुए कहा की सर्वप्रथम गुजरात भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष,सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का वो आभार व्यक्त करते है की भीषण बाढ़ जैसे त्रासदी में गुजरात भाजपा ने चिंता व्यक्त की एवं सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 कंटेनर राशन सामग्री भेजी जिसमे कपडे, बर्तन, सूखा राशन, आलू, प्याज एवं अन्य सामाग्रियां थी जिसका वितरण निशुल्क तौर पर बाढ़ पीड़ति क्षेत्र में सीधे पीड़ितों से मुलाकात कर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। बाजपेयी ने कहा की कांग्रेस के महामंत्री रविश सुराना को बाढ़ पीड़ितों के लिए अगर जरा सा भी सहानुभूति होती तो वे जो आलू और प्याज जो ख़राब हो चुके थे जिसे अलग कर हटाया गया था उसका वीडियो बनाकर राजनीती करने का प्रयास नहीं करते,भारी बारिश के बीच गुजरात से जो कंटेनर रवाना हुए उनमे सूखे राशन के साथ आलू प्याज भी था, कंटेनर दंतेवाड़ा पहुचने में 5 दिन का समय लगा।

# नियोक्ताओं को प्रतिष्ठानों की पंजीकृत होने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में ईएसआईसी के अधिनियम के अनुसार 10 या अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाले

■ चेंबर के कार्यशाला में दी गई योजना की जानकारी

नियोक्ताओं का पंजीकरण अनिवार्य के तहत 24 सितंबर को कार्यशाला आयोजित की गई। योजना की जानकारी रायपुर से पहुंचे अधिकारी एन के धीरेन्द्र पटनायक प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक, रत्नेश राजन्य उपनिदेशक, सिद्धार्थ द्विवेदी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी तथा विपुल कुमार ने कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी की एक विशेष पहल है। जो 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक नियोक्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों को ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकृत करने का अवसर देती है। चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने जारी बयान में बताया कि यह योजना उन प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहन देती है जो अभी तक पंजीकृत नहीं है ताकि उन्हें पिछली देनदारियों के लिए दंड या पिछली जांच के डर के बिना सामाजिक सुरक्षा का लाभ उठाने का मौका मिल सकें। नियोक्ताओं को श्रम सुविधा पोर्टल के माध्यम से अपने कर्मचारियों को नामांकित करने में मदद करती हैं। लाभयोजना में शामिल होने से कर्मचारियों को बीमारी, मातृत्व और विकलांगता के दौरान चिकित्सा लाभ और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं मिलती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है।

***ये रहे उपस्थित :*** कार्यशाला में चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, उपाध्यक्ष राजकुमार दण्डवानी, महामंत्री नवरतन जलोटा, विजय हेलीवाल, राजेन्द्र पांडे, अनुराग अग्रवाल, संजीव कपूर, जितेन्द्र सिंह आलुवालिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

# स्व-सहायता समूह की दीदियों ने शाला परिसर में की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सतत रूप से स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम वंजामगुड़ा में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा प्राथमिक शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्कूल परिसर की सफाई की गई तथा साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। इस कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदियां, पीआरपी, एफएलसीआरपी एवं एसी सहित अन्य स्थानीय ग्रामीणों की भी सहभागिता रही। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना है, साथ ही ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### शैक्षणिक भवनों में बारिश का पानी घुसा

**दसपुर।** प्राथमिक शाला माटवाड़ा लाल पटेलपारा और आंगनबाड़ी भवन में बारिस का पानी निकासी नहीं होने के कारण शाला और आंगनबाड़ी के अंदर घुस गया। प्रथमिक शाला भवन बहुत पुराना है और इस तरह की स्थिति रही तो भवन कभी भी धराशाही हो सकता है। शाला प्रांगण में पानी भरा हुआ है और काई जम गई है। फिसलन से बच्चे गिर रहे है। बच्चे बैठ नही पाएंगे ऐसी स्थिति निर्मित हो गई है। बच्चों के पालकों ने सुधार की माँग किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गढ़पारा निवासी 30 वर्षीय छोटे लाल मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुरेंद्र मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 25 से 26 सितंबर के बीच अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत बागाचार निवासी 60 वर्षीरू सतउराम दुग्गा का इलाज के दौरान जिला अस्पताल में 6 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चार लीटर कच्ची शराब जब्त, कोचिया पकड़ाया



**कांकेर।** चारामा पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए महुआ शराब के साथ शराब कोचिया को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शितलापारा चारामा निवासी दिनेश देवांगन 26 सितंबर को सुबह 11 बजें अंवरी चौक कण्डेल के पास अपने कब्जे में 4 लीटर हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर धारा 34 (1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**मौसम : बारिश के चलते शहर एवं ग्रामीण इलाके में कई घंटे विद्युत रही बाधित**

# मानसून की विदाई से पूर्व बादल गरजे एवं बिजली चमकी और हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पूर्व मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दाब का क्षेत्र बनने से घनघोर वर्षा





सितंबर महीना का अंतिम सप्ताह चल रहा है, इस महीने मानसून की विदाई का समय माना जाता है, लेकिन इस बार मानसून विदाई से पहले कांकेर में कहर बरपा रहा है। पूर्व मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दाब का क्षेत्र बनने से 24 सितंबर से शुरू हुई बारिश रूकने का नाम नहीं ले रही है। इस बारिश पर विराम नहीं लगने से किसानों को चिंताए सताने लगी है। खेतों में पानी भर गया और किसान परेशान हो रहे है।

जिलेभर में बारिश का कहर 24 सितंबर से जो शुरू हुआ, अभी तक रूकने का नाम नहीं ले रहा है। 26 सितंबर को सुबह से मौसम साफ दिखाई पड़ रहा था, लेकिन दोपहर 12 बजें के बाद मौसम ने ऐसा करवट बदला कि पूरे शहर को जल मग्न कर दिया। दोपहर 3 बजें से एक घण्टा तक जो मूसलाधार बारिश हुई इससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बारिश अब रूकेगी ही नही। कई मोहल्ले में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। शहर के साथ साथ पूरे अंचल में पिछले तीन दिनों से बारिश हो रही है। शहर में 26 सितंबर को हुई बारिश से ऐसा लग रहा था कि इंद्रदेव ने रौद्र रूप ले लिया हो। दोपहर होते ही अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादलों के साथ तेज बिजली की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी। देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। झमाझम बारिश ने जहां लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत दी, वहीं कई जगहों पर पानी भरने से परेशानियां भी बढ़ गईं। बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगी। खासकर निचले इलाकों में पानी जमा हो गया, जिससे दोपहिया वाहन और पैदल चलने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्गों पर पानी भरने से ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन गई।

### कई घंटे बाधित रही बिजली

26 सितंबर के दिन और 27 सितंबर की सुबह हुई बारिश के चलते 26 सितंबर को 132 केव्ही और 33 केव्ही केंद पर खराबी आग गई थी। इसके अलावा बिजली गिरने से कई स्थानों पर फाल्ट आ गया था, जिससे कई घंटे तक बिजली प्रभावित रही। रातभर कई मुहल्लों में बिजली बंद और चालू की स्थिति निर्मिति होती रही।

### चमकती बिजली व गड़गड़ाहट से हुए भयभीत

बिजली कि तेज गड़गड़हट सून सभी अपने घरों से सहम से गए। ऐसा लगता था कि मानो आसमान से बिजली सीधे जमीन में गिर रही है व आसपास में ही गिर रही हो। आसमान में लगातार चमकती बिजली और गड़गड़ाहट से लोग सहमे हुए अपने-अपने घरों की ओर दौड़ पड़े। बिजली चमकने की तेज रोशनी व गड़गड़हट की आवाज से बच्चे अपने कान बंद कर सहम जा रहे थे।

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक और निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर आंध्र प्रदेश के तट पर बनने के चलते बारिश हो रही है। विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों तक मौसम का यही मिजाज बने रहने की संभावना है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के आसपास खड़े होने से बचें, ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

### कुलथी फसल, सब्जी व सीताफल को होगा नुकसान

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव के कारण बारिश हो रही है। पिछले एक सप्ताह से रुक रुक के हो रही बारिश से वर्तमान में धान की फसल को कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन जो किसान कुलथी फसल की बुवाई कर चुके हैं, उनकी फसल लगभग चौपट होने की कगार पर है तथा सब्जियों की फसल व सीताफल की फसल को इस पानी से नुकसान हो रहा है, मक्का की फसल को भी कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है। ऐसा मौसम तीन दिनों तक बने रहने की संभावना है।

## अग्रणी बैंक ने बाल उद्यान में चलाया सफाई अभियान



**कांकेर।** स्वच्छता की सेवा अभियान के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक जिला अग्रणी बैंक एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुर के द्वारा बाल उद्यान अलबेलापारा कांकेर में क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान उद्यान के आसपास फैली गंदगी, प्लास्टिक के कचरे एवं कांच के शीशीयों को एकत्रित कर सफाई किया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक गौरीशंकर राणा ने बताया स्वच्छ वातावरण से कई बीमारियो की रोकथाम संभव है। स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत से संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक और जिम्मेदार होना चाहिए। सफाई अभियान में अग्रणी बैंक प्रबंधक गौरीशंकर राणा, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुर से निदेशक डाकेश्वर विनय पाण्डे, नितेश कुमार साहू, संजय कुमार महावीर, कमलेश कुमार सिन्हा, नागेन्द्र यादव, लव कुमार टाडिया, राबिन ठाकुर, होरेन्द्र सोनी एवं आरसेटी के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे।

## यूथ रेडक्रॉस ने केवट कालेज की छात्राओं का कराया रक्त परीक्षण, दी सेहत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुरुष तीन और महिलाएं चार माह में एक बार रक्तदान कर सकते हैं



शासकीय इंद्र केवट कन्या महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं का रक्त परीक्षण करवाया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के प्रति भी अभिरुचि व्यक्त किया।

यूथ रेड क्रॉस के प्रभारी प्रोफेसर सुनील कुमार साहू ने बताया कि कई छात्राओं को उनके रक्त समूह की जानकारी नहीं होती है। इस कारण वे न तो स्वयं रक्तदान करने की स्थिति में होती हैं और न हीं आवश्यकता पड़ने पर आसानी से रक्त प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में वजन के दसवें हिस्से के बराबर रक्त अतिरिक्त रहता है और एक बार में केवल 350 मिली ही रक्तदान किया जा सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि प्रत्येक स्वस्थ पुरुष और महिला रक्तदान बिना किसी डर के कर सकते हैं। पुरुष प्रत्येक 3 माह में एक बार और महिला चार माह में एक बार रक्तदान कर सकती है। धार्मिक आधार पर देखें तो यह पुण्य का काम है क्योंकि किसी को रक्तदान करना जीवन बचाने का काम है। इसके अलावा यह भी देखा गया है कि रक्तदाता रक्तचाप या दिल संबंधी बीमारियों से भी औसतन ज्यादा बचते हैं, क्योंकि रक्तदान करने के पश्चात हुई कमी की पूर्ति शरीर जल्द ही कर लेता है। इस अवसर पर महाविद्यालय में गृह विज्ञान की सहायक अध्यापक डॉ तरन्नुम ने बताया कि हम किस प्रकार से अपने शरीर में रक्त की मात्रा पर्याप्त कर सकते हैं, जिस समय आने पर रक्तदान करने की स्थिति में हो सकते हैं। जिन लोगों में खून की कमी होती है उनके नाखूनों में सफेदी दिखती है। उनको जल्दी थकान आ जाती है और सांस जल्दी फूलती है, जिससे बचने के लिए लोह तत्व युक्त भोजन हमें करना चाहिए। पालक भाजी, चुकंदर, किशमिश, खजूर व फली दाना आदि के नियमित उपयोग से रक्ताल्पता की समस्या से निपटा जा सकता है।

### सेहत के प्रति सावधान रहें

रक्तदान की वैज्ञानिक पक्ष की बात करते हुए प्रोफेसर रश्मि नाग ने बताया कि अक्सर हमारे माता-पिता की रक्त समूह के आधार पर हमारा रक्त समूह तय होता है, जिनका ब्लड ग्रुप नेगेटिव है उन्हें अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि दुनिया में सिर्फ तीन प्रतिशत लोगों का रक्त समूह नेगेटिव होता है। संस्था में वनस्पति के प्रोफेसर मनोज कुमार गोटी ने बताया कि रक्त संबंधी कई बीमारियां फैल रही हैं, जिससे निपटने के लिए जन जागरण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सिकलिंग आजकल बहुत ज्यादा बढ़ रहा है। इसके बारे में भी जानकारी सबको दी जानी चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने कहा की संस्था में अध्ययन कर रही छात्राएं खुद जागरूक होकर अन्य लोगों को भी इस जानकारी से अवगत कारण और रक्तदान करने के लिए सामने आए आजकल तत्ता के कारण बहुत लोगों की मौत हो जाती है, जिससे निपटने के लिए युवा वर्ग अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। इस अवसर पर योगराज साहू, रीना जमुनकर एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## नेवारी शाला एवं आंबा में बाउंड्रीवाल की मांग



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल की जनपद सदस्य हेमलता उयके ने ग्राम नेवारी के शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की है। उन्होंने बजरंग आयरन ओर माइंस चाहचाड हाहालददी के मैनेजर तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालय और आंगनबाड़ी में बाउंड्रीवाल नहीं होने से बच्चों की सुरक्षा को खतरा रहता है और कई बार मवेशी परिसर में घुसकर गंदगी फैला देते हैं। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मैनेजर ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इस मांग पर सकारात्मक कार्रवाई कर सीएसआर मद से बाउंड्रीवाल निर्माण का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा। ज्ञापन सौंपने में ग्राम पंचायत सुखई के वार्ड पंच भगवानी नेताम और फगनू उयके भी उपस्थित रहे।

## आरसेटी में 35 हितग्राहियों को कृषि उद्यम का दिया प्रशिक्षण



**कांकेर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुर में कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 35 हितग्राहियों को 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मछलीपालन, मुर्गीपालन, डेयरी, सुकरपालन, बकरीपालन, सब्जी उत्पादन एवं विभिन्न विधियों से धान की खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। कृषि उद्यमी प्रशिक्षण 15 से 27 सितबंर तक प्रशिक्षिका पूर्णिमा सिंग के द्वारा दिया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान के निदेशक ठाकेश्वर विनय पाण्डे द्वारा सभी प्रशिक्षणीयों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के दौरान सभी बैंको के ऋण योजनाओ के बारे में जानकारी दिया गया और साथ ही संस्थान के सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। व्यापार में सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दिए, इसके पश्चात प्रमाण पत्र वितरित किया गया। असेसमेंट टीम नेसर बैंगलौर एवं राज्य नियत्रंक आरसेटी रायपुर अरूण सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर सृष्टि शर्मा एवं डोमेन असेसर जागृति साहू के सतत निगरानी में मूल्यांकन कार्य किया गया। समापन कार्यक्रम में नितेश कुमार साहू, संजय कुमार महावीर, कमलेश कुमार सिन्हा, नागेन्द्र यादव एवं नागेश्वर कुमार पटेल उपस्थित रहे।

## कोदागांव पंचायत में हुआ उपभोक्ता साक्षरता शिविर



**कांकेर।** कोदागांव पंचायत के सभा कक्ष में 26 सितंबर को उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ता कानून के प्रति जागरूकता हेतु ई- फाइलिंग तथा ई- हियरिंग की जानकारियां दी गई। शिविर में उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य डाकेश्वर सोनी, जनपद सदस्य पंचू राम नायक, सरपंच दूजबाई नेताम, उपसरपंच कमलेश्वरी पटेल, डॉ. धर्मेंद्र कुर्रे, प्रशांत रवानी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।




## फीस की मनमानी वसूली विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** पीजी कॉलेज के द्वारा छात्रों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है। शुल्क में संशोधन के विषय को लेकर छात्रों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों के ज्ञापन को प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं कॉलेज प्रशासन द्वारा अनदेखा कर दिया गया। ज्ञापन देने के 15 दिवस तक भी किसी प्रकार का छात्र हित में निर्णय नहीं लिया गया, इसकी जानकारी छात्रों के द्वारा कुलपति, उच्च शिक्षा संचनालय एवं जिला कलेक्टर को भी दिया गया। एक सप्ताह बाद कोई निराकरण नहीं हो पाया। छात्र कॉलेज प्रशासन के इस व्यवहार के चलते भविष्य में उग्र आंदोलन के लिए वाध्य हो सकते है।













